मो० सईद आलम

उम्र– 37 वर्ष
ग्राम– संदलपुर
प्रखण्ड– अररिया
जिला–अररिया
आधार नं० – 521237938904
मो० नं० – 8002145277

अगर कुछ करने की चाह हो तो बड़े से बड़ा मुश्किल या बाधाओं को पार किया जा सकता है। इसी सोच के साथ मो० सईद आलम पारंपरिक खेती जैसे धान, गेहूँ एव मक्का के साथ नई फसल मखाना का खेती करने का साहस अपने क्षेत्र में पहले किसान के रुप में किया। मो० सईद के पिता मजदूर का काम करके अपने बच्चो का पालन पोशन करते थे। मो० सईद पिता का सबसे बड़ा पुत्र था। गरीबी के कारण पढ़ाई नहीं कर सका। पिता के साथ बचपन से ही मजदूरी का कार्य करने लगा। साथ ही साथ पिता के साथ कृषि के कार्य में हाथ बटाता था। मो० सईद आलम का बचपन काफी गरीबी में गुजरा। वर्ष 2016 में मो० सईद को कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया का पता चला कि केन्द्र द्वारा कृषि में नई तकनीक की जानकारी दिया जाता है। मो० सईद कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया जाकर कृषि की विभिन्न तकनीक की जानकारी हासिल किया। मो० सईद ने सब्जी एव मखाना की तकनीक कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर सीख। उन्होने प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेकर अर्जित ज्ञान का उपयोग कर मखाना की खेती प्रारंभ किया। सईद को मखाना के खेती में सफलता पाने में वैज्ञानिको की सलाह और तकनीक कृषि विज्ञान केन्द्र, अररिया द्वारा प्रदान की गई। यह संस्थागत समर्थन के कारण था कि वह मखाना की खेती में आगे बढ़कर सफलता पाने में सामर्थ हो पाया। आज मो० सईद लगभग 25 एकड़ में मखाना की खेती करता है जिसमे की लगभग 17 एकड़ जमीन लीज पर ले रखा है। मो० सईद मखाना के साथ–साथ पशुपालन, मक्का की खेती आदि से सालाना शुद्ध आय 10 लाख के लगभग प्राप्त करता है। आज सईद मखाना फोडी एवं धान, गेहूँ की अबीज खरीद–बिक्री का भी व्यापार प्रारंभ कर दिया। मो० सईद को कृषि में उतकृष्ट कार्य के लिए क्षेत्रीय किसान मेला बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर से वर्ष 2023 में उत्कृष्ट किसान सम्मान से पुरस्कृत किया जा चूका है।